Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Construction of Ring Road in Bulandshahr district, Uttar Pradesh

श्री भोला सिंह (बुलंदशहर): सभापति जी, बुलन्दशहर जनपद एनसीआर क्षेत्र में शामिल होने के बाद भी अन्य जनपदों की अपेक्षा विकास में अभी काफी पीछे है । जनपद बुलन्दशहर में ट्रैफिक के साथ ही विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए जिले में रिंग रोड़ प्रस्तावित है । रिंग रोड़ निर्माण से जनपद में ट्रैफिक के साथ विकास की रफ्तार को गति मिलेगी । बुलंदशहर में रिंग रोड़ नहीं होने के कारण शहर जाम की समस्या से काफी समय से झेल रहा है । जिले में साल 2016 में एनएच-235 का शिलान्यास करने आए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने जनपद में रिंग रोड़ बनाने की घोषणा की थी । इसके बाद तत्कालीन डीएम ने 2017 में रिंग रोड़ की डीपीआर तैयार करा प्रदेश सरकार को भेज दी थी । प्रदेश सरकार की अनापत्ति मिलने के बाद डीपीआर केंद्र सरकार के पास लंबित है ।

इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि बुलंदशहर में रिंग रोड़ के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करें । रिंग रोड़ निर्माण से शहर को जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी । रिंग रोड़ के माध्यम से ऐसे वाहनों को शहर के बाहर से ही निकाला जा सकेगा, जिन्हें दूर जाना है और शहर में प्रवेश नहीं करना है ।… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Shri Krishnapalsingh Yadav – Not present.

Shri Arun Kumar Sagar Ji